

## एक नजर में

### दुनिया में अपनी बुद्धि और कर्मठता का लोहा मनवा रही हैं आज की नारी



**मंडलेश्वर, निप्र।** आज की नारी न केवल घर संभाल रही है बल्कि व्यावसायिक जगत में भी अपनी बुद्धिमत्ता और कर्मठता का लोहा मनवा रही है .महिलाओं में सेवाभाव, त्याग और तपस्या के गुण जन्मजात होते हैं और यही गुण उसे शक्तिशाली बनाते है।आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाकर, प्रेम व एकता से वह अपने घर को भी स्वर्ग बना रही है। यह बात प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, श्रीनगर कॉलोनी मण्डलेश्वर में रविवार 8 मार्च को आयोजित अंतरराष्ट्रीय विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग एवं न्याय संगठन में सदस्य राधा गौराशी ने कही। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन व नारी के सम्मान में नारे के साथ की गई। जिसमें ब्रम्हाकुमारी बहनों के साथ संस्था से जुड़ी महिलाएं एवं सामाजिक बहनों ने भाग लिया। इस अवसर पर होली पर्व भी मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवा के क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं का सम्मान भी किया गया।इस अवसर पर ब्र.कु. मंगला बहन ने उपस्थित जनो से कहा कि महिलाओं में सेवाभाव, त्याग और तपस्या के गुण जन्मजात होते हैं। परमात्मा ने माताओं को विशेष शक्तियों से नवाज़ा है, जिसके बल पर वे न केवल परिवार को संभालती हैं, बल्कि पूरे घर को स्वर्ग जैसा सुखद स्थान बनाती हैं।उन्होंने कहा, 'आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी योग्यता सिद्ध कर रही हैं, लेकिन उनकी आध्यात्मिक शक्ति ही समाज को नई दिशा दे सकती है।इस अवसर पर पूर्व महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी निर्मला रोकड़े, बहन श्रीमती जीवन पाटीदार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सेवा केंद्र प्रभारी ब्रम्हाकुमारी मंगला बहन एवं अन्य सभी मंचासीन अतिथियों का तिलक लगा कर पुष्प गुच्छ देकर एवं श्री फल देकर स्वागत किया गया।मुख्य अतिथि निर्मला रोकड़े ने कहा कि माताएं बहने अपने महत्व को पहचानें,अपने अंदर छुपी हुई विशेषता को पहचाने।

### पीजी कॉलेज में विद्यार्थियों को दे रहे वॉलीबॉल प्रशिक्षण



**खरगोन, निप्र।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए 15 दिवसीय वॉलीबॉल कौशल प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीएस चौहान ने कहा कि यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिए न केवल खेल-कौशल को विकसित करने का अवसर होगा, बल्कि टीम वर्क, अनुशासन और मानसिक मजबूती जैसी गुणों को भी प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रशिक्षण का पूरा लाभ उठाने और खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. गगन चौधरी ने बताया कि यह प्रशिक्षण 10 से 28 मार्च तक प्रतिदिन शाम 4 से 6 बजे तक आयोजित होगा। नियमित अभ्यास और सही तकनीकी मार्गदर्शन से विद्यार्थी अपने खेल कौशल को एक नए स्तर तक ले जा सकते हैं।अभ्युदय विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एवं वॉलीबॉल कोच अतुल अत्रे ने खिलाड़ियों को वॉलीबॉल के मूलभूत और उन्नत तकनीकों का प्रशिक्षण दे रहे है।

### फाल्गुन सप्तमी पर किया शीतला माता पूजन ठंडे पकवानों का लगाया भोग



**खरगोन, निप्र।** जिलेभर में मंगलवार को शीतला सप्तमी का पर्व श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया गया।पर्व को लेकर अलसुबह से ही महिलाएं सजधज कर हाथों में पूजा सामग्री के थाल लिए मंदिरों में माता शीतला की पूजा आराधना करने पहुंची। जहां पर एक दिन पहले घर पर बनाए गए व्यंजन, पकोड़ी, पूडी, हलवा आदि पकवानों का भोग लगाया।वहीं महिलाओं के द्वारा व्रत रखे गए और माता शीतला से परिवार वालों की सुख समृद्धि के लिए कामना की। सामाजिक मान्यता के अनुसार शीतला सप्तमी के दिन शीतला मां का पूजन करने से चेचक, खसरा, बड़ी माता, छोटी माता जैसी बीमारियां नहीं होती और अगर हो भी जाए तो उससे जल्द छुटकारा मिलता है। ऐसी मान्यता है कि माता शीतला शांति की देवी हैं जो विभिन्न प्रकार की बीमारियों से भक्तों की रक्षा करती हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष में दो बार शीतला सप्तमी मनाई जाती है।दूसरी सप्तमी भादौ मास में होती है।इस दिन भी ठंडे व्यंजनों का भोग लगाकर महिलाएं परिवार की निरोगी काया की कामना करती है।

### नेशनल लोक अदालत को लेकर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित



**खरगोन, निप्र।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिले में 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों एवं प्रगति की समीक्षा के लिए जिला न्यायालय के सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अखिलेश जोशी द्वारा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए श्री जोशी ने बताया कि 14 मार्च 2026 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, चेक बाउंस मामले, सिविल वाद, पारिवारिक विवाद, कुटुम्ब न्यायालय के प्रकरणों सहित मोटर दुर्घटना दावा क्षतिपूर्ति प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नेशनल लोक अदालत विवादों के त्वरित, सरल एवं सौहार्दपूर्ण समाधान का प्रभावी माध्यम है। श्री जोशी ने सभी अभिभाषकों से आह्वान किया कि वे राजीनामा योग्य प्रकरणों को लोक अदालत के माध्यम से निराकृत कराने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें, ताकि अधिक से अधिक वादों का शीघ्र समाधान संभव हो सके। बैठक में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री पंकज सिंह माहेश्वरी, जिला न्यायाधीश, जिला अधिवक्ता संघ मंडलेश्वर अध्यक्ष, सचिव सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# लोगों की मदद के लिए मोबाइल एप भी बनाया : बिरला

## विधायक सचिन बिरला का बड़वाह में बहुप्रतीक्षित कार्यालय शुरू, हर सप्ताह होगी समीक्षा

नवभारत न्यूज

**बड़वाह, निप्र।** सुविख्यात संतश्री टाटम्बरी सरकार, संतश्री हनुमानदास जी महाराज, शास्त्रीजी महाराज ने मंत्रोच्चार के साथ मंगलवार को विधायक कार्यालय का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विधायक सचिन बिरला ने कहा कि बड़वाह में विधायक कार्यालय के खुलने से बड़वाह नगर और आसपास के ग्रामीण-आदिवासी क्षेत्र के निवासियों को समस्याओं के त्वरित समाधान में बड़ी सहूलियत मिलेगी। अब उन्हें समस्याओं के समाधान के लिए लगभग 50 किमी दूर डुडगांव नहीं आना पड़ेगा। इससे उनकी समय की भी काफी बचत



होगी। विधायक ने कहा कि नवीन विधायक कार्यालय में कम्प्यूटर ऑपरेटर के अलावा दो अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। विधायक ने कहा कि नागरिकों की सहायता के लिए एक एप भी बनाया गया है। इस एप के माध्यम से समस्याओं पर कार्यवाही का फॉलोअप लिया जाएगा और सप्ताह में एक बार समीक्षा बैठक की जाएगी। विधायक ने स्थानीय भाजपा जनप्रतिनिधियों से कार्यालय में बैठने और नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु सहायता और समय देने का आव्हान किया। भाजपा नेता दिनेश शर्मा,जितेंद्र सुराणा,महिम ठाकुर ने भी समारोह को संबोधित किया और बड़वाह में विधायक कार्यालय खोले जाने पर हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकित गुप्ता, खुमानसिंह जाट, मानसिंह राठौर, नरेंद्रसिंह पंवार, भाजपा नेता इकबालसिंह भाटिया, गुरुचरणसिंह भाटिया, महेंद्रसिंह भाटिया, ब्रजेंद्र जोशी, महेश गुर्जर, लक्ष्मीनारायण पटेल, गणेश पटेल ,लक्ष्मीचंद अमई, मिट्ठू भाटिया, दिनेश साद, नरसिंह सुरागे, नरहरी दांगी, अर्जुन केवट, धनलक्ष्मी शर्मा, संगीता गुप्ता, सरोज तिवारी, रजनी भंडारी, शैलजा तिवारी, बबीता सोनी, सुनीता शर्मा, ममता शर्मा, बद्री बाई चावड़ा, सुरेंद्र पंड्या, दिलीप पटेल, संजय राठौर, सन खंडेलवाल, अशोक जाट, गणेश चौधरी, श्याम ठाकुर, संजय वर्मा, शेखर प्रजापत, अमन संधू, रूपसिंह रावत, रवि एरन, राजकुमार वर्मा, सिंगाजी पटेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बड़वाह का विधायक कार्यालय भाजपा कार्यकर्ताओं का कार्यालय है : जय पाटिल

विधायक कार्यालय के माध्यम से बड़वाह क्षेत्र की विकास योजनाओं के क्रियान्वयन और समस्याओं के समाधान में मदद मिलेगी। नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि विधायक कार्यालय खुलने से क्षेत्र की समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा और क्षेत्रवासियों को इससे बड़ी सहूलियत मिलेगी। नपा उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल ने कहा कि विधायक क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर सक्रिय हैं। बड़वाह में विधायक कार्यालय खुलने से बड़वाह क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

## बड़वानी के सकल समाज लाया माता का खम, भंडारे की व्यवस्था भी की





**कसरावद, निप्र।** मांडव क्षेत्र के तारापुर स्थित प्राचीन सतचंडी देवी मंदिर में मंगलवार को शिकारी पारधी समाज के सकल समाज द्वारा कुलदेवी पूजन का भव्य आयोजन किया गया। सप्तमी के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए समाजजनों ने विशेष पूजा-अर्चना कर मां से सुख-समृद्धि की कामना की।

मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा माता जी का मनोहारी श्रृंगार किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। समाज के संभागीय अध्यक्ष व देवी मंदिर प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुरेश चन्द्र पंवार तथा कार्यकारिणी अध्यक्ष भगवान सिंह चौहान ने बताया कि छठ के दिन से ही तारापुर देवी मंदिर में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। रातभर जागरण कर माता की आराधना की गई। मंगलवार सुबह 8 बजे से मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हुए और बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार सहित दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे। कसरावद के श्री चिंतामणी हनुमान मंदिर पुजारी पंडित राजकुमार गांवशिंदे ने विधि-विधान से हवन-पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया। हवन के बाद कन्या पूजन कर कन्या भोज हुआ । इस वर्ष बड़वानी जिले के सकल समाज द्वारा माता जी का खम लाया गया, जिसका विधिपूर्वक पूजन कर श्रद्धालुओं ने आराधना की।

**भंडारे में हलवा, लड्डू और पूरी-पनीर का प्रसादः-** कार्यक्रम में बड़वानी जिले के श्रद्धालुओं द्वारा विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई। भंडारे में हलवा, बूंदी के लड्डू, मिर्च के भजिए, दाल-चावल, पूरी और पनीर की सब्जी सहित अन्य प्रसादी परोसी गई। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए ठंडे पानी की भी व्यवस्था की गई। शाम तक बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

**राजपुर से तीन श्रद्धालुओं ने की पैदल यात्राः-** राजपुर से संजय चौहान, धीरु चौहान और शक्ति चौहान तीन सदस्यीय दल पैदल यात्रा कर देवी मंदिर पहुंचे। उनकी आस्था और उत्साह को देखते हुए मंदिर समिति द्वारा पुष्पमाल्यार्पण कर श्रीफल एवं 'जय माता दी' अंकित गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया।

**कसरावद के श्रद्धालुओं का किया सम्मानः-** कार्यक्रम के दौरान कसरावद के पंडित राजकुमार गांवशिंदे, जगदीश वर्मा, रितेश पटेल, संतोष कोली, सुनील कुमरावत तथा महेश चौहान को मंदिर में निरंतर धार्मिक आयोजन कराने के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही कसरावद के श्रद्धालुओं द्वारा प्राचीन श्री गांगलेश्वर महादेव मंदिर की आकर्षक फ्रेमिंग फोटो संभागीय अध्यक्ष को भेंट की गई। इस अवसर पर खरगोन, बड़वानी, धार, इंदौर, खंडवा, देवास, अलीराजपुर, झाबुआ, भोपाल, उज्जैन, हरदा सहित विभिन्न जिलों और प्रांतों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## करही मंडी प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय जाट दिवस की तैयारी को लेकर बैठक

**बड़वाह, निप्र।** 13 अप्रैल 2026 को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय जाट दिवस के आयोजन को लेकर आज करही मंडी प्रांगण में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा समाज के अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। बैठक में समाज के महापुरुषों के विचारों को याद करते हुए समाज में शिक्षा, एकता और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां भी सौंपी गई। इस दौरान राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक पटेल, संभाग अध्यक्ष अशोक मुंडेल, जिला अध्यक्ष संतोष चोटिया, जिला संयोजक सुगनचंद जाट, राम जाट सहित राष्ट्रीय जाट महासभा के पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे।



## किसानों ने की गेहूं समर्थन मूल्य पंजीयन तारीख बढ़ाने की मांग, सौंपा ज्ञापन



**खरगोन, निप्र।** केंद्र सरकार की अमेरिका से की गई ट्रेड डील निरस्त करने सहित रबी सीजन में गेहूं के समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए किए जा रहे पंजीयन तिथि बढ़ाने की मांग उठी है।

किसान मजदूर महासंघ ने मंगलवार को विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों ने समर्थन मूल्य पर 2700 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीदने की मांग पर जोर दिया है। ज्ञापन में बताया कि भारत सरकार ने अमेरिका के साथ की ट्रेड डील से कृषि एवं किसानों को नुकसान उठाना पड़ेगा। यह डील किसान हित में नही है। इसके समाप्त किया जाए। समर्थन मूल्य पर उपज खरीदी में मंडी अधिनियम की धारा 36-37 का अक्षरशः पालन हो, समर्थन मूल्य पर गेहूं 2700 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की जाए। किसानों ने प्रदेश सरकार द्वारा 40 रुपए बोनस बढ़ाए जाने पर इसके किसानों का अपमान करार दिया है। सी 2प्लस 50 फॉर्मूले के अनुसार लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य तय किया जाए। समूचे देश के किसानों को कर्ज मुक्त किया जाए, जैसी मांगें शामिल है।

## खाद्य सुरक्षा के तहत सनावद में छापामार कार्रवाई, मिलावटी मावा जब्त




**सनावद, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल के निर्देशानुसार सनावद में खाद्य सुरक्षा के तहत संयुक्त छापामार कार्यवाही की गई। इस दौरान उपसंचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, बड़वाह अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), थाना प्रभारी सनावद एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई।

कार्रवाई के दौरान संयुक्त टीम द्वारा बाहुबली मार्केट स्थित प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए तथा संदिग्ध मावा जब्त किया गया। कार्यवाही के दौरान श्रीनाथ मावा एवं दूध भंडार से मावा एवं पनीर के नमूने लेकर 25 किलोग्राम मावा (अनुमानित मूल्य 6,750 रुपये) जब्त किया गया। अजय दूध डेयरी से मावा का नमूना लेकर 30 किलोग्राम मावा (अनुमानित मूल्य 9,000 रुपये) जब्त किया गया। इसी प्रकार अनिल लस्सी सेंटर एवं दूध डेयरी से मावा एवं पनीर के नमूने लेकर 24 किलोग्राम मावा (अनुमानित मूल्य 7,200 रुपये) जब्त किया गया। सभी संग्रहित नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा नियम 2011 के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक 13 मार्च को मनाएंगे

**सनावद, निप्र।** जैन धर्म के संस्थापक व प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक 13 मार्च गुरुवार को नगर में विराजमान आर्यिका आगम मति माताजी के सानिध्य में एवं ब्र.भावेश भैयाजी ऊन के निर्देशन में आदिनाथ छोटा मंदिर में मनाया जाएगा।

सन्मति जैन काका ने बताया की भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याण महोत्सव के अवशर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जायेगे जिसमे आदिनाथ जिनालय में प्रातः श्री जी का अभिषेक ततपश्चात शान्ति धारा एवम भगवान का नित्य नियम पूजन, एवं रजतमयी श्रुतस्कंध यंत्र की स्थापना की जाएगी। आशीष झांझरी ने बताया की मंदिर जी में परम पूज्य आचार्य श्री शांति सागर जी महाराज, आचार्य श्री वर्धमानसागर जी आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चरण चिन्ह की स्थापना पश्चात मंडल विधान साथ में आर्यिकामाता जी की मंगल देशना होगी । पश्चात बड़े बाबा का मंडल विधान किया जायेगा एवम रात्री में भगवान की संगीतमय भक्ति व 48 दीपों से भक्तामर जी की आराधना कर भगवान को पालना झुलाया जायेगा।



एक नजर में

तीन अलग-अलग नाटक और लोक भजनों की दी जाएगी प्रस्तुति

# टंट्या मामा नाट्य समारोह का तीन दिवसीय 8वां आयोजन 13 से

नवभारत न्यूज

**महेश्वर, निप्र।** मातोश्री देवी अहिल्या की 300वीं जयंती को समर्पित , तीन दिन - तीन रंग के रूप में तीन दिवसीय टंट्या मामा नाट्य समारोह का आठवां आयोजन होगा।

लोक गुंजन नाट्य संस्था अपने आठवें आयोजन के तहत सांस्कृतिक नगरी में रंगमंच प्रेमियों के लिए एक तीन दिन तक तीन रंग के नाटक और उनके पूर्व लोकरंग लोक भजनों की प्रस्तुतियों होगी । टंट्या मामा नाट्य समारोह के आयोजनकर्ता और रंगकर्मी प्रवीण चौबे तथा कृष्ण लाल विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह का 8वां आयोजन 13, 14 व 15 मार्च की शाम नगर के नर्मदा भवन में शाम 7 बजे से प्रारंभ होगा। यह नाट्य समारोह मातोश्री देवी अहिल्या की 300वीं जयंती को समर्पित होकर तीन दिन - तीन रंग की थीम के साथ किया जाएगा। इस आयोजन में नाटक, लोक संगीत, गायन और एकांकी नाटक की प्रस्तुति होगी जिसमें महेश्वर, भोपाल तथा महेतवाडा की बाल कलाकार एकांकी नाटक प्रस्तुत करेंगी ।

**इस प्रकार है तीन दिवसीय कार्यक्रमः-** नगर के नर्मदा भवन में शाम 7 बजे 13 मार्च 2026 को



'पूर्व रंग' कबीर निर्गुण धारा के गायक कलाकार गणेश बुंदेला द्वारा कबीर गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके पश्चात भोपाल की संस्था रंग दरबार द्वारा नाटक 'चिट्ठी का मंचन किया जाएगा। इस का नाट्य लेखन, परिकल्पना एवं निर्देशन संजय श्रीवास्तव ने किया है। समारोह के दूसरे दिन 14 मार्च 2026 को लोक कलाकार फतेह सिंह परमार द्वारा लोक गायन प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद लोक गुंजन, महेश्वर की प्रस्तुति 'रंगीले बाबू' नाटक मंचित किया जाएगा। यह नाटक प्रसिद्ध साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की कहानी पर आधारित है। नाटक की परिकल्पना, नाट्य लेखन एवं निर्देशन कृष्णलाल विश्वकर्मा द्वारा किया गया है। समारोह के अंतिम दिन 15 मार्च 2026 को एकांकी प्रस्तुति केनी पाटीदार मेहतवाड़ा द्वारा दी जाएगी। इसके बाद लोक गुंजन, भोपाल द्वारा नाटक 'मिलन जंक्शन' का मंचन किया जाएगा। इस नाटक के लेखक नितिन रोहर हैं, जबकि इसकी परिकल्पना एवं निर्देशन प्रयाग साहू ने किया है।

### आयोजनकर्ता बोले...

आयोजक प्रवीण चौबे, कृष्णलाल विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की इस नाट्य समारोह का उद्देश्य क्षेत्र में रंगमंच और लोक संस्कृति को प्रोत्साहित करना तथा नई पीढ़ी को भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ना है। ताकि भावी पीढ़ी लोक कला और रंगमंच से जुड़ सकें ।